आज दिनांक 21/08/2018 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में प्रबंधन विभाग के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसका विषय था – What Companies expect from Budding managers. इस अवसर पर श्री विक्रम (कार्पोरेट ट्रेनर, फरीदाबाद) उपस्थित थे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की प्रेरणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय में समय–समय पर कराए जाते हैं। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम डॉ. शिल्पा गोयल के मार्गदर्शन में कराया गया। श्री विक्रम ने अनेक प्रकार की गतिविधियों की जानकारी दी–किस तरह विद्यार्थी साक्षात्कार में अपने आप को प्रदर्शित करे और अपनी संचार कौशल को किस तरह सुधारा जा सके। उन्होंने प्रेरणा संबंधी वीड़ियो दिखाकर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। इस कार्यशाला में बी.बी.ए. और बी.बी.ए. (कैम) के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रश्नों के माध्यम से जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रबन्धन विभाग के डॉ. आशिमा, डॉली, तृप्ती, सोनिया, निधि और नेहा के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।